**RTET 2015 (Level-I)**

# खण्ड–V पर्यावरण अध्ययन

1. निम्न में से किसमें उद्यान कृषि का अध्ययन किया जाता है?

   (अ) बॉटनी (ब) हॉर्टीकल्चर

   (स) जियोलॉजी (द) एनाटोमी (ब)

विशेष - **बॉटनी** → वनस्पति विज्ञान **जियोलॉजी** → भूविज्ञान या भौमिकी

**एनाटोमी** → शरीररचना-विज्ञान

2. "विज्ञान प्राकृतिक विषय का व्यवस्थित ज्ञान एवं धारणाओं के मध्य सम्बन्धों का तार्किक अध्ययन है, जिनमें ये विषय व्यक्त होते हैं।"

   उपरोक्त विज्ञान की परिभाषा किसने दी?

   (अ) डब्ल्यू.सी डेम्पीयर (ब) बी.एस.ब्लूम

   (स) कार्ल पॉपर (द) जे.डब्ल्यू.एन. सुल्लिवन (अ)

3. पर्यावरण अध्ययन के अधिगम का सिद्धांत कौनसा है?

   (अ) आवश्यकता का सिद्धांत (ब) उपयोगिता का सिद्धांत

   (स) जीवन से सम्बन्धित होने का सिद्धांत (द) ये सभी (द)

4. निम्नलिखित में से कौनसा प्राथमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षण का वांछित उद्देश्य है?

   (अ) विज्ञान के तथ्यों और सिद्धांतों एवं इसके अनुप्रयोगों को जानना।

   (ब) प्राकृतिक जिज्ञासा, सौन्दर्यपरकता की अनुभूति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में सृजनात्मक का पोषण।

   (स) ईमानदारी, सम्यनिष्ठा और सहयोग के मूल्यों को आत्मसात करना।

   (द) उपर्युक्त सभी (द)

5. प्रयोजना विधि में कितने मुख्य सोपान प्रयुक्त होते हैं?

(अ) चार (ब) तीन

(स) आठ (द) छः (अ, द)

विशेष - प्रायोजना के निम्न छः पद होते है-

1. परिस्थिति का निर्माण करना। 2. योजना का चयन करना।
3. योजना का कार्यक्रम बनाना। 4. योजना का क्रियान्वयन करना।
5. योजना के कार्य का मूल्यांकन करना। 6. योजना का लेखा-जोखा लिखना।

6. कौनसी गैस 'ग्लोबल वार्मिग' के लिए उत्तरदायी है?

(अ) नाइट्रोजन ($N_2$) (ब) मेथैन ($CH_4$)

(स) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) (द) सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) (ब, स)

विशेष - ग्रीन हाउस गैसों में सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण गैस कार्बन डाइऑक्साइड है। वैज्ञानिकों द्वारा कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन और तापमान वृद्धि में गहरा सम्बन्ध बताया जाता है साथ ही मिथेन उत्सर्जन भी ग्लोबल वार्मिंग के लिए उत्तरदायी है।

7. 'विशिष्ट से सामान्य' का सिद्धांत निम्न में से किसमें प्रयोग होता है?

(अ) विश्लेषण विधि (ब) स्वत: शोध विधि

(स) संश्लेषण विधि (द) आगमन विधि (द)

8. छोटी कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन विषय में रूचि उत्पन्न करने के लिए पढ़ाने का तरीका होना चाहिए-

(अ) आगमन (ब) मनोरंजन एवं खेल सम्बन्धी

(स) रटने का (द) निगमन का (ब)

9. अच्छे प्रश्न-पत्र की क्या विशेषता है?

(अ) वैधता (ब) विश्वसनीयता

(स) (अ) व (ब) दोनों (द) व्यापकता/विस्तृत (स)

10. कौनसी प्रक्षेपित सामग्री है?

(अ) बुलेटिन बोर्ड (ब) ओ.एच.पी

(स) प्रतिमान (द) फ्लैनल बोर्ड (ब)

विशेष - Overhead projector → ओवरहेड प्रोजेक्टर (ओवरहेड प्रोजेक्टर की मदद से लिखित सामग्री को स्लाइड की सहायता से किसी दिवार या बड़े पर्दे पर प्रक्षेपित करके दिखाया जाता है।)

11. कौनसी विशेषता परिवार की नहीं है?

(अ) कम से कम दो भिन्न लिंग वाले अयस्क साथ रहते हैं।

(ब) प्रत्येक सदस्य की आय भिन्न जमा की जाती हो।

(स) वे समान आवास, भोजन और समान सामाजिक क्रियाओं का उपयोग करते हों।

(द) सुरक्षा एवं बच्चों का साझा उत्तरदायित्व (ब)

12. राष्ट्रीय बालश्रम उन्मूलन प्राधिकरण की स्थापना कब की गई थी?

(अ) 16 अगस्त, 1996 (ब) 5 जून, 1990

(स) 22 जुलाई, 2002 (द) 26 सितम्बर, 1994 (द)

13. भारत में बाल विवाह निरोध अधिनियम किस वर्ष पारित किया गया था?

(अ) 2006 (ब) 2008

(स) 2011 (द) 1997 (अ)

14. कौनसा सुमेलित नहीं है?

| वस्त्र का प्रकार | राज्य |
|---|---|
| (अ) फिरन | - जम्मू एवं कश्मीर |
| (ब) पानो-भाजू | - पश्चिमी बंगाल |
| (स) राहिदे | - हिमाचल प्रदेश |
| (द) फुलकारी | - पंजाब |

(ब)

विशेष - पानो-भाजू प्रकार के वस्त्र गोवा की महिलायें पहनती है।

15. निम्नलिखित में से कौनसा पत्थर राजस्थान में घरों के फर्श बनाने में उपयोग नहीं किया जाता?

(अ) संगमरमर (ब) कोटा स्टोन

(स) घीया पत्थर (सेलखड़ी) (द) सेण्ड स्टोन (स)

विशेष - घीया पत्थर का उपयोग → टेलकम पाउडर, रंगीन पेन्सिलें, कीटनाशक, क्रीम, पावडर आदि बनाने में किया जाता है

16. बागवानी के लिए कौनसे प्रकार का उर्वरक उपयोगी होता है?

(अ) यूरिया (ब) सोडियम फॉस्फेट

(स) डी ए पी (द) वर्मी कम्पोस्ट (BONUS)

विशेष - अधिकतर वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खाद का प्रयोग बागवानी में किया जाता है। परन्तु समय-समय पर विकल्प में दिये गये अन्य उर्वरकों का उपयोग भी बागवानी में किया जाता है।

17. कौनसा सुमेलित नहीं है?

| मेला | राज्य |
|---|---|
| (अ) अम्बाजी मेला | - गुजरात |
| (ब) माघ मेला | - उत्तरप्रदेश |
| (स) नेनादेवी मेला | - असम |
| (द) वेणेश्वर मेला | - राजस्थान |

(स)

विशेष - नेनादेवी मेला - हिमाचल प्रदेश में लगता है।

18. राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स कहाँ स्थित है?

(अ) डीडवाना (ब) नागौर

(स) बाड़मेर (द) परबतसर (अ)

19. भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम किस वर्ष लागू किया गया था?

(अ) 1981 (ब) 1985

(स) 1986 (द) 1988 (BONUS)

विशेष - 24 दिसंबर सन् 1986 को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विधेयक पास हुआ था। इस अधिनियम में 1991 तथा 1993 में संशोधन किये गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम को अधिकाधिक कार्यरत और प्रयोजनपूर्ण बनाने के लिए दिसंबर 2002 में व्यापक संशोधन किये गये तथा 15 मार्च 2003 से लागू किया गया।

http://ncdrc.nic.in/bare_acts/Consumer%20Protection%20Act-1986.html

20. राजस्थान में कुल लोकसभा सदस्यों की संख्या है-

(अ) 20 (ब) 25

(स) 22 (द) 24 (ब)

विशेष - राजस्थान से लोकसभा के 25 सदस्य तथा राज्यसभा के 10 सदस्य चुने जाते है।

21. पक्ष्माभ उपकला प्राणियों के शरीर कहाँ मिलते हैं?

(अ) आमाशय (ब) श्वसनिका

(स) आंत्र (द) वायु कोष (ब)

22. निम्नांकित में से कौनसा सरल ऊतक नहीं है?

(अ) जायलम (ब) पेरेनकाइमा

(स) कोलेनकाइमा (द) सक्लेरेनकाइमा (अ)

विशेष - जाइलम पौधों में पाया जाने वाला एक संवहन ऊतक है, दूसरा संवहन ऊतक फ्लोएम है। जाइलम एक जटिल ऊतक है।

23. मलेरिया रोग होता है ( किसके कारण से ) -

(अ) प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम (ब) एन्टअमीबा

(स) रिट्रोवाइरस (द) साल्मोनेला (अ)

विशेष - मलेरिया एक वाहक-जनित संक्रामक रोग है जो प्रोटोज़ोआ परजीवी द्वारा फैलता है।

24. निम्नांकित में से कौनसा भारत के तीन जैव विविधता हॉट स्पॉट में से एक है?

(अ) अरावली हिल्स (ब) खासी हिल्स (पहाड़ियाँ)

(स) हिमालय (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं (स)

विशेष - भारत के तीन जैव विविधता हॉट-स्पॉट → **1. पूर्वी हिमालय, 2. पश्चिमी घाट तथा 3. निकोबार द्वीप समूह (2013 में घोषित)**

25. राजस्थान का राज्य पशु कौनसा है?

(अ) बाघ (ब) गाय

(स) ऊँट (द) भेड़ (स)

विशेष- वन्य जीव की श्रेणी में चिंकारा तथा पशुधन की श्रेणी में ऊँट राजस्थान का राज्य पशु है।

26. अवतल दर्पण के अत्यन्त निकट जब बिम्ब को रखते हैं जो प्रतिबिम्ब होता है-

(अ) वास्तविक सीधा एवं छोटा (ब) आभासी, सीधा एवं आवर्धित

(स) आभासी, उल्टा एवं छोटा (द) वास्तविक, उल्टा एवं छोटा (ब)

27. वायु प्रदूषण का कौनसा स्त्रोत नहीं है?

(अ) वाहन (ब) उद्योग

(स) ठोस अपशिष्ट (द) धूल के कण (स)

28. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?

(अ) सभी धातुएँ तन्य होती हैं।

(ब) सभी आधातुएँ तन्य होती हैं।

(स) सामान्यत: धातुएँ तन्य होती हैं।

(द) कुछ अधातुएँ तन्य होती हैं। (स)

विशेष - सामान्यत: धातुएँ तन्य भी होती हैं, यानि उन्हें खींचकर एक लम्बा तार बनाया जा सकता है।

29. राजस्थान में कौनसा नवीकरणीय संसाधन नहीं है?

(अ) जल विद्युत (ब) प्राकृतिक गैस

(स) पवन ऊर्जा (द) सौर ऊर्जा (ब)

विशेष - नवीकरणीय संसाधन वे संसाधन हैं जिनके भण्डार में प्राकृतिक/ पारिस्थितिक प्रक्रियाओं द्वारा पुनर्स्थापन (replenishment) होता रहता है।

30. निम्नलिखित में से कौनसा रामसर घोषणा की सूची में नम क्षेत्र नहीं हैं?

(अ) वूलर झील (ब) रूद्रसागर झील

(स) केवलादेवी राष्ट्रीय उद्यान (द) राजसमन्द झील (द)

विशेष - आर्द्रभूमियों पर सम्मेलन, रामसर, ईरान में 1971 में हस्ताक्षरित एक अंतरसरकारी संधि है।

❑❑❑

For Indian GK, Rajasthan GK, Subjective Knowledge Educational Psychology, Sanskrit, Hindi etc.

Follow Website → www.gkabhi.in

Subcribe Youtube → www.youtube.com/ekanshstudy

Subcribe Youtube → https://www.youtube.com/c/GKAbhi